महत्वपूर्ण एवं खास

बाल श्रम निषेध दल की बैठक सह कार्यशाला हुआ सम्पन्न

कोरबा। विश्व बाल श्रम निषेध के अंतर्गत कोरबा जिले में 12 जून से 18 जून तक बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम कर जागरूकता एवं दोषियों के विरूद्व कार्यवाही किया जा रहा हैं। बाल श्रम निषेध अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर बाल श्रम रोकथाम दल का भी गठन किया गया है। कलेक्टर रानू साहू के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले की अध्यक्षता में बाल श्रम हेतु जिला स्तर पर गठित दल की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर द्वारा बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियेमन अधिनियम 1986 की धारा 17 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उन्हें आबंटित कार्यक्षेत्र के लिए अधिनियम के प्रयोजन के लिए सर्व संबंधितों को वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने तथा प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला सहायक श्रम आयुक्त राजेश आदिले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एम.डी. नायक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी दयादास महंत, बालक कल्याण समिति के सदस्य गोकुल दास, बीता चक्रवर्ती सहित चाईल्ड हेल्पलाईन के कार्यकर्ता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि बाल श्रम रोकथाम दल में श्रम विभाग, पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 के कार्यकर्ता तथा स्थानीय स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधियों को सम्मिलित किया गया है। उपरोक्त दल द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण करते हुए बाल श्रमिक पाये जाने पर संबंधितों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

रायपुर फिर बना करोना का हॉटस्पॉट: 24 घंटे में आया 43 नए केस

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना केस बढऩे लगे हैं. बीते अप्रैल और मई महीने में जितने कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले उससे आधे से अधिक मरीज जून के केवल 13 दिन में ही सामने आ चुके हैं. वहीं सोमवार को एक दिन में 43 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं. ये सभी मरीज केवल 12 जिलों से सामने आए हैं. इसके बाद से छत्तीसगढ़ में फिर से कोरोना के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। दरअसल अप्रैल और मई महीने में 320 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले थे. लेकिन जून के 14 दिन में 200 से अधिक संक्रमितों की पहचान हुई है. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि केवल 14 दिन में ही संक्रमितों की संख्या बढ़ गई है. इसमें से सर्वाधिक एक्टिव मरीजों की संख्या तो राजधानी रायपुर से सामने आ रही है. राज्य में सोमवार को 3677 लोगों की जांच की गई है. इसमें से 43 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले है। पिछले कुछ महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो अप्रैल और मई महीने में कोरोना के मामले काफी कम थे. एक्टिव मरीजों की संख्या 50 से अधिक नहीं हुए. लेकिन अब जून के पहले तारीख से हो संक्रमितों की संख्या बढऩे लगी है. बता दें कि 1 अप्रैल को राज्य में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 11 लाख 52 हजार 148 रही है. इसके बाद 13 जून तक ये संख्या बढक़र 11 लाख 52 हजार 679 हो गई है. इसमें से 201 मरीज केवल बीते 13 दिन में ही सामने आए हैं।

शिकार करने फैलाया जा रहा था करंट, तीन गिरफ्तार

महासमुंद (आरएनएस)। वन परिक्षेत्र बागबाहरा के अंतर्गत 10 जून को वन्यप्राणी का अवैध शिकार करने के उद्देश्य से वन कक्ष क्रमांक 192 दारगांव जंगल के अंदर जीआई तार बिछा उसमें विद्युत करंट फैलाया जा रहा था, तभी वन विभाग के गस्ती दल ने आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से जीआई तार, कुल्हाड़ी, सब्बल, खूंटी जब्त किया गया। वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50 एवं 51 के तहत मर्ग कायम किया गया है। गिरफ्तार टुकेश्वर (32), गुमान ध्रुव (30), फालेश कुमार ध्रुव (22) सभी ग्राम दारगांव थाना व तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद के निवासी हैं। सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर 11 जून 2022 को न्यायालय महासमुंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

शिमला की सबसे ऊंची चोटी जाखू टेंपल पर माउंटेन ट्रेकर यशवंत और पल्लवी ने लहराया तिरंगा

दल्लीराजहरा (आरएनएस)। परिस्तिथियां चाहे कितनी भी बड़ी क्यों ना हो, सच्ची लगन और जज्बे से सब कुछ हासिल किया जा सकता है।ये कहानी है ऐसे ही होनहार और प्रतिभावान साहसी युवा की जिसने अपने सपने और खुद के बीच कभी गरीबी को आने नही दिया है। बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अन्तर्गत अर्जुन्दा ब्लॉक से महज 3 किमी में बसा छोटा सा गांव डुडिय़ा जहां यशवंत कुमार टंडन रहते है।

ज्ञात रहे कि 31 मई 2022 से 04 जून 2022 तक इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा हिमाचल प्रदेश के जबाली अम्बाला (शिमला) में साहसिक शिविर का आयोजन किया गया था।

राष्ट्रीय स्तर पर कराए गए साहसिक शिविर में देशभर के लगभग 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

बालोद जिले के माउंटेन ट्रेकर यशवंत कुमार टंडन और माउंटेन ट्रेकर पल्लवी बारले 31 मई को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से रात 10:30 बजे समता एक्सप्रेस से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए।

जिसमें राजनांदगांव जिले की उमा विश्वकर्मा और उपासना के भी साथ रवाना हुए।

जिनमें से राजस्थान से 3 प्रतिभागी, महाराष्ट्र (गोंदिया) से 4 प्रतिभागी, पश्चिम बंगाल से 1 प्रतिभागी, ललितपुर से 2 प्रतिभागी, छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 63 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें रायपुर से 27 प्रतिभागी, दुर्ग से 29 प्रतिभागी, राजनांदगांव से 2 प्रतिभागी, सरगुजा (अम्बिकापुर) से 1 प्रतिभागी और वही बालोद जिले से 3 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें अर्जुन्दा ब्लाक के डुडिय़ा गांव के माउंटेन ट्रेकर यशवंत कुमार टंडन और गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम तवेरा से माउंटेन ट्रेकर पल्लवी बारले गुरूर ब्लाक के कनेरी गांव के निखिल यादव ने हिस्सा लिया।

माउंटेन ट्रेकर यशवंत कुमार टंडन ने हिमाचल प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी जाखू टेंपल पर चढ़ाई करने से पहले कसोल ट्रैक 6000 फीट ऊंची ट्रैक की चढ़ाई की थी। उसके अगले दिन जाखू टेंपल की सफल चढ़ाई की।

जिसमें माउंटेन ट्रेकर यशवंत कुमार टंडन ने तय समय पर शिमला की सबसे ऊंची चोटी जाखू टेंपल 9500 फीट पर पानी की एक बूंद भी पिए बगैर व बिना कुछ खाए ही अपने टीम के 70 सदस्यों को पीछे छोड़ सबसे पहले चढक़र तिरंगा लहराकर और अपना लोहा मनवाया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। माउंटेन ट्रेकर यशवंत कुमार टंडन और पल्लवी बारले ने चोटी पर पहुंचने के बाद भारत माता की जय, वंदे मातरम्, छत्तीसगढ़ महतारी की जय, छत्तीसगढिय़ा सबले बढिय़ा के जयकारे लगाए।

छात्र जीवन मे एन.सी.सी राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना नेशनल सर्विस स्कीम में हिस्सा लेकर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करते हुए एन.सी.सी मे ए सर्टिफिकेट और एन.एस.एस में भी ए सर्टिफिकेट हासिल किया। अभी वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में बी.ए. प्रथम वर्ष की पढ़ाई के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक है। और राष्ट्र एवं समाज हित सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले यशवंत कुमार टंडन अपने पिताजी को प्रेरणा का पुंज मानते है। पिताजी हूबलाल टंडन हमेशा से प्रोत्साहित किया है।माताजी सविता टंडन ने भी एक सच्चे इंसान बनने की शिक्षा बचपन से दिए है।

आपातकालीन स्तिथि में रक्तदान के लिए हमेशा तत्पर रहते है।अभी तक 2 बार रक्तदान दे चुके है, और मरणोपरांत नेत्रदान की भी घोषणा कर चुके हैं।माउंटनीयर बनने के ख्वाब लिए दिन की शुरुआत होती है।सपने को हकीकत में बदलने की कोशिश जारी है।

वहीं राष्ट्रीय स्तर पर बालोद जिले का लगातार तीसरी बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के ऑनलाईन आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

कोरबा। शिक्षा सत्र 2022-23 में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, आई.टी.आई., नर्सिंग, पॉलिटेक्निक, डाईट आदि संस्थाओं में नियमित अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाईन आवेदन 15 जुलाई 2022 तक मंगाए गए हैं। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उनका पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही ऑनलाईन पोर्टल ीजजचरूध्ध्चवेजउंजतपबे.बी वसंतीपचण्बहण्दपबण्पद पर किया जाना हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल ेबीवसंतीपचेण्हवअण्पद पर आवेदन करना होगा। इस पोर्टल में सफल आवेदन पंजीयन के पश्चात आवेदन की शेष जानकारी के लिए छत्तीसगढ राज्य पोर्टल ीजजचरूध्ध्चवेजउंजतपबे.बीवसंतीपचण्बहण्दपबण् पद में आवेदन करना अनिवार्य होगा। उक्त दोनों पोर्टल पर आवेदन नही करने पर छात्रवृत्ति भुगतान नही होगा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सभी कालेजों के विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नये आवेदन एवं नवीनीकरण के आवेदन इसी पोर्टल पर स्वीकार किये जायेंगे। शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा ड्रॉफ्ट प्रपोजल 25 जुलाई 2022 तक लॉक कर दिये जायेंगे तथा सेंकशन ऑर्डर 10 अगस्त 2022 तक लॉक कर दिए जाएंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों को अपने संस्था के सभी पात्र विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाईन आवेदन करना सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। किसी भी स्थिति में विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति से वंचित रहने पर संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे।

टाटा नेक्सा शोरूम में लगी आग, दो दर्जन गाड़ियां स्वाहा

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक चार पहिया वाहन शोरूम में भीषण आग लग गई जिसके कारण वहां रखे करीब 2 दर्जन से अधिक वाहन जलकर स्वाहा हो गए। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा शहर के रामपुर में स्थित टाटा नेक्सा के शोरूम के पीछे किसी ने झाडिय़ों में आग लगाई थी झाडिय़ों की आग धीरे-धीरे फैलता हुआ शोरूम तक पहुंच गया और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर शोरूम के भीतर तबाही मचा दी देखते ही देखते वहां रखे 24 कार जलकर स्वाहा हो गए कर्मचारियों ने इसी बीच वहां से निकल कर अपनी जान बचाई आगजनी की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई फायरब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

रोजगार मेला: 20 पदों में भर्ती के लिए 15 जून को लगेगा मेला

- जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में होगा आयोजन,
- बैंको में रिलेशनशिप मैनेजर एवं ब्रांच एक्जीक्यूटिव्ह जैसे पदों पर होगी भर्ती

कोरबा। जिले के युवाओं को रोजगार प्रदान करने जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में 15 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को अपना भविष्य संवारने का सुनहरा मौका मिलेगा। रोजगार मेले के माध्यम से दो निजी संस्था एस.बी. आई. कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक कोरबा में रिलेशनशिप मैनेजर और ब्रांच रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव्ह के कुल 20 पदो पर रोजगार मेले के माध्यम से भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी जे.पी. खाण्डे ने बताया कि रोजगार मेले में स्नातक पास आवेदको की नियुक्ति की जानी है। रोजगार के लिए युवाओं की भर्ती इंटरव्यू-प्लेसमेंट के माध्यम से की जाएगी। जिले के इच्छुक बेरोजगार युवा 15 जून को सुबह 11 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

हाथियों ने दो ग्रामीण के मकान ढहाए

कोरबा। जिले के वनमंडल कटघोरा में हाथियों को उत्पात लगातार जारी है। यहां के एतमानगर केंदई व पसान रेंज में बड़ी संख्या में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। दल में शामिल कई हाथी उत्पाती हो गये है। एक उत्पाती दंतैल ने सोमवार सुबह जहां केंदई रेंज के डंगोरा में एक ग्रामीण पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार डाला था।

वहीं बीती रात कुछ उत्पाती हाथियों ने एतमा नगर रेंज के गुरसिया बांधापारा में उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के मकान ढहा दिये। उत्पाती हाथी द्वारा बांधापारा में मकान तोडऩे जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला आज सुबह गांव पहुंचा और रात में हाथियों द्वारा किये गये नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में 12 हाथियों का दल विगत 3 दिनों से घुम रहा है। इसी दल में शामिल उत्पाती हाथी बीती रात बांधापारा पहुंच गये थे और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उधर 15 हाथी केंदईरेंज के कापर नवापारा व परला जंगल में मौजूद है। इन हाथियों ने फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। वहीं एक ग्रामीण की जान लेने वाला दंतैल बनिया गांव के पहाड़ में आज दूसरे दिन भी डेरा डाला हुआ है। वन विभाग द्वारा इस दंतैल की निगरानी की जा रही है। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में भी हाथियों की सक्रियता बनी हुई है।

एक लाख 19 हजार की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के थाना कोतवाली अंर्तगत मोबाईल फोन के माध्यम से सेकेन्ड हेन्ड कार खरीदने का बताकर झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में कुल 01 लाख 19 हजार 250 रूपये की ठगी के आरोपी संतोष साकेत को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग मोबाईल, 01 डेबिट कार्ड एवं बैंक पासबुक बरामद कर जप्त किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले डेढ़ माह में ऑनलाईन फ्रॉड के मामले में 7 वें आरोपी पर कार्यवाही की गई है!

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवम्बर 2021 के दौरान मामले के प्रार्थी नदीम खान निवासी जगदलपुर को अज्ञात आरोपी द्वारा मोबाईल फोन के माध्यम से कॉल करके ओएलएक्स पर सेकेन्ड हेन्ड कार खरीदने के नाम पर अलग-अगल किश्तों में कुल 01 लाख 19 हजार 250 रूपये अपने खाते में डलवाकर ठगी किया गया था, ठगी के संबंध में प्रार्थी नदीम खान को ज्ञात होने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर संबंधित कॉलर मोबाईल धारक एवं खाता धारक के विरुद्ध थाना कोतवाली में ठगी की धारा 420, भादवि, और 66(डी) आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान के दौरान मामले में आरोपियो के बैंक खातों के विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही के उपस्थिति की जानकारी मध्यप्रदेश में मिलने पर, निरीक्षक किशोर केवंट के नेतृत्व में टीम गठित कर मध्य प्रदेश रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा जिला सीधी से ठगी के आरोपी संतोष साकेत निवासी सीधी मध्यप्रदेश आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर जगदलपुर लाया गया।

कलेक्टर की पहल पर भूपेन्द्र को एक माह के भीतर मिली अनुकंपा नियुक्ति

- लिपिक के पुत्र की जिला कार्यालय में हुई नियुक्ति
- कलेक्टर ने भूपेन्द्र और उनके परिवार को दी शुभकामनाए

कोरबा। कलेक्टर रानू साहू की पहल पर तहसील कार्यालय करतला में लिपिक के पद पर कार्यरत कर्मचारी की मृत्यु होने के पश्चात उनके पुत्र को नौकरी मिल गई है। तहसील कार्यालय करतला में सहायक ग्रेड-02 के पद में पदस्थ रहे स्व. कल्याण सिंह कंवर के पुत्र भूपेन्द्र सिंह कंवर को जिला कार्यालय कोरबा में चौकीदार के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। स्व. कल्याण सिंह कंवर की सामान्य मृत्यु हो गई थी। कल्याण सिंह के मृत्यु के पश्चात 10वी तक पढाई किये पुत्र भूपेन्द्र कंवर ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। कलेक्टर कार्यालय में 11 मई 2022 को आवेदन प्राप्त हुआ था। कलेक्टर रानू साहू ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की। कलेक्टर के त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप एक माह के भीतर ही नौ जून 2022 को भूपेन्द्र कंवर को अनुकंपा नियुक्ति पत्र जारी कर दी गई। कम समय में नौकरी मिल जाने से भूपेन्द्र और उनके परिवार वालों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया है। कलेक्टर साहू ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए भूपेन्द्र और उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं।

मूलत: कोरबा जिले के विकासखंड करतला अंतर्गत ग्राम तुमान निवासी 58 वर्षीय स्व. कल्याण सिंह कंवर लगभग एक वर्ष से तहसील कार्यालय करतला में सहायक ग्रेड-02 के पद पर पदस्थ थे। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। घर की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। नौकरी मिलने के बाद भूपेन्द्र ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा काफी कम समय में अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने से काफी प्रसन्नता हो रही है। भूपेन्द्र को नौकरी मिलने से उनकी माता की देखभाल और पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने में सहायता मिलेगी।

बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को प्रतिदिन कराएं लेखन अभ्यास: कलेक्टर

- लाइब्रेरी में सिलेबस से संबंधित आवश्यक पुस्तकों का करें संकलन

कोरबा। कलेक्टर रानू साहू ने सत्र 2022-23 अंतर्गत 16 जून से शुरू हो रहे स्कूलों में प्रवेश उत्सव और शिक्षा गुणवत्ता पर चर्चा के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर साहू ने जिले के स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर करने और बच्चों के शत प्रतिशत सफलता के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने अभ्यास को सफलता का मूलमंत्र बताते हुए राइटिंग प्रेक्टिस को बच्चों के व्यवहार में लाने के निर्देश दिये। उन्होने बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों को प्रतिदिन लेखन अभ्यास कराने तथा पढाई के प्रति हमेशा प्रोत्साहित करते रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राइटिंग प्रेक्टिस के लिए अलग कॉपी बनवाकर प्रतिदिन दो प्रश्नो को लिखने की प्रेक्टिस करवाने के निर्देश दिये। साथ ही हप्ते में एक दिन सप्ताहिक टेस्ट लेकर पूरे हप्ते के लेखन अभ्यास का आंकलन करने के भी निर्देश दिये। ईकाई मूल्यांकन में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पेन, कॉपी आदि देकर प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर साहू ने स्कूलों में पासिंग प्रतिशत को और बेहतर करने के लिए बच्चों को पिछले वर्ष के परीक्षा में आये प्रश्न पत्रों को हल करने की प्रेक्टिस करवाने के भी निर्देश दिये। उन्होने राइटिंग प्रेक्टिस की नियमित मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिये। बैठक में शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज, सहा. जिला परियोजना अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यगण सहित बीआरसी और अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर साहू ने बच्चो के सर्वागिण विकास के लिए उन्हे हमेशा प्रोत्साहित करते रहने और अनुशासन का पालन करते हुए बच्चों को सफल बनाने में योगदान देने के निर्देश सभी प्राचार्यो को दिये। उन्होने पढाई में कमजोर बच्चो का चिन्हांकन कर विशेष तौर पर ध्यान देकर उन्हें परीक्षा की तैयारी करवाने के निर्देश दिये। साथ ही मेधावी बच्चों का भी चिन्हांकन कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, पीईटी, पीएमटी, एनडीए आदि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा की तैयारी के लिए कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्कूलों के पुस्तकालयों में बच्चों के लिए सिलेबस से संबंधित आवश्यक पुस्तकों का संकलन करने तथा पाठ्यपुस्तकों के साथ ज्ञानवर्धक और मोटिवेशनल पुस्तकों का भी संकलन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को पढाई के अलावा खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU